KAUTILYA ACADEMY
INDORE

# कौटिल्य एकेडमी

IAS, IPS, MPPSC

- अंतर्राष्ट्रीय
- राष्ट्रीय
- विज्ञान
- अध्ययन
- पर्यावरण
- राजव्यवस्था
- योजना/ नीति
- कला-संस्कृति
- अर्थव्यवस्था
- सामाजिक मुद्दे



## डेली करेंट अफ़ेयर्स

**11 अप्रैल 2024**

# ग्लोबल हेपेटाइटिस रिपोर्ट 2024 :

- वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइज़ेशन (WHO) ने हाल ही में **हेपेटाइटिस (Hepatitis) वायरस** को लेकर चौंकाने वाली चेतावनी दी है।




- ताजा रिपोर्ट के अनुसार हेपेटाइटिस के कारण हर साल **13 लाख लोगों की मौत** हो रही है।
- इनमें **83 फीसदी हेपेटाइटिस-बी** और **17 फीसदी हेपेटाइटिस-सी** के शिकार हो रहे हैं।

## रिपोर्ट के प्रमुख बिंदु: -

- विश्व हेपेटाइटिस रिपोर्ट 2024 के मुताबिक रोजाना हेपेटाइटिस वायरस से **करीब 3500 लोग मरते हैं** और हर साल **13 लाख लोगों की मौत** हो रही है।
- इस वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए WHO ने इस बीमारी को विश्व स्तर पर संक्रामक बीमारियों से होने वाली मौतों का दूसरा प्रमुख कारण है।
- रिपोर्ट के अनुसार, **187 देशों के नए आंकड़ों** से पता चला है कि वायरल हेपेटाइटिस से होने वाली मौतों की संख्या 2019 में **1.1 मिलियन से बढ़कर 2022 में 1.3 मिलियन** हो गई है।
- वैश्विक स्तर पर हेपेटाइटिस के करीब 80 फीसदी मामले 38 देशों में सामने आए हैं, जिनमें भारत भी शामिल है।
- रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से **83 प्रतिशत मौत हेपेटाइटिस बी के कारण** और **17 प्रतिशत मौत हेपेटाइटिस सी के कारण** हुई।
- हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमण के करीब दो तिहाई मामले सामूहिक रूप से बांग्लादेश, चीन, इथियोपिया, भारत, इंडोनेशिया, नाइजीरिया, पाकिस्तान, फिलीपीन, रूस और वियतनाम में हैं।
- रिपोर्ट में इस बात की भी जानकारी दी है कि **2022 में 25.4 करोड़ लोग हेपेटाइटिस बी से जबकि पांच करोड़ लोग हेपेटाइटिस सी के साथ** अपना जीवन व्यतीत करने को मजबूर थे।

### Types of Hepatitis

| | TRANSMISSION | PREVENTION | TREATMENT |
|---|---|---|---|
| Hepatitis A | Eating contaminated food or drinking contaminated water | • Practicing good hygiene<br>• Vaccine | No treatment |
| Hepatitis B | Through contact with the blood or bodily fluids of an infected person | • Practicing good hygiene<br>• Vaccine<br>• Blood screening | • Alpha interferon<br>• Peginterferon |
| Hepatitis C | Blood-to-blood contact | • Practicing good hygiene<br>• Avoid sharing needles, toothbrushes, razors or nail scissors | Direct-acting antiviral drugs |
| Hepatitis D | Contact with infected blood (only occurs in people already infected with hepatitis B) | • Hepatitis B vaccine<br>• Avoid sharing needles, toothbrushes, razors or nail scissors | Interferon |
| Hepatitis E | Eating contaminated food or drinking contaminated water | • Practicing good hygiene<br>• Avoid drinking water that has come from a potentially unsafe source | No treatment |


- हेपेटाइटिस बी और सी से गम्भीर रूप से संक्रमित आधे से ज्यादा लोगों की **उम्र 30 से 54 वर्ष के बीच** है| वहीं **12 फीसदी बच्चे** भी इसका शिकार हैं| आंकड़ों में यह भी सामने आया है कि इससे संक्रमित लोगों में **58 फीसदी पुरुष हैं**|

## भारत की स्थिति; -

- दुनिया के **27.5 फीसदी मामले चीन में** सामने आए हैं| इसके बाद **भारत इस मामले में दूसरे स्थान पर** हैं|
- भारत में हेपेटाइटिस बी और सी के 3.53 करोड़ मामले सामने आए थे| इनमें **हेपेटाइटिस बी के 2.98 करोड़** और **हेपेटाइटिस सी के 55 लाख मामले** शामिल थे|
- देखा जाए तो भारत हेपेटाइटिस के **वैश्विक बोझ का 11.6 फीसदी** ढो रहा है|

## हेपेटाइटिस क्या है?

- हेपेटाइटिस मूल रूप से लीवर से जुड़ी बीमारी है, जो **वायरल इन्फेक्शन के कारण** होती है|
- इस बीमारी के कारण **लीवर में सूजन** आ जाती है|
- हेपेटाइटिस के पांच प्रकार के वायरस होते हैं, जिन्हें **ए,बी,सी,डी** और **ई** के रूप में जाना जाता है|



# ग्लोबल यूनिकॉर्न इंडेक्स 2024 :

- हुरुन ग्लोबल यूनिकॉर्न इंडेक्स 2024 के अनुसार, 2017 के बाद पहली बार यूनिकॉर्न की संख्या में गिरावट के साथ भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम धीमा हो गया है।
- 2023 में, भारत में 67 यूनिकॉर्न थे। यूनिकॉर्न स्टार्ट-अप्स की संख्या के मामले में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है।




- हुरुन के पिछले वर्षों के यूनिकॉर्न इंडेक्स में 2022 में भारत में 68 यूनिकॉर्न , 2021 में 54 और 2020 और 2019 में 21 यूनिकॉर्न की सूचना दी थी।
- सूचकांक में संयुक्त राज्य अमेरिका प्रथम स्थान पर है, जहां कुल 703 यूनिकॉर्न हैं। इसके बाद 340 यूनिकॉर्न के साथ चीन दूसरे स्थान पर है।
- भारत में यूनिकॉर्न (Unicorn) की संख्या चार साल में पहली बार घटकर 67 रह गई है, वही वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर अभी भी कायम है।
- रिपोर्ट में कहा गया है कि फूड डिलीवरी प्लेटफार्म स्विगी और फैंटेसी स्पो ट्र्स पर केंद्रित ड्रीम11 भारत के सबसे मूल्यवान यूनिकॉर्न हैं।
- भारत में एयरोस्पेस या स्पेसटेक क्षेत्रक में यूनिकॉर्न का अभाव है।

## यूनिकॉर्न इंडेक्स ;-

- यूनिकॉर्न वास्तव में वेंचर कैपिटल आधारित और निजी स्वामित्व वाले ऐसे स्टार्ट -अप को कहा जाता है, जिसका मूल्य 1 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।

सर्वाधिक संख्या में यूनिकॉर्न वाले शीर्ष 5 देश :

| रैंक | देश | यूनिकॉर्न की संख्या | 2023 की तुलना में ऊपर/नीचे |
|---|---|---|---|
| 1. | U.S.A. | 703 | +37 |
| 2. | चीन | 340 | +34 |
| 3. | भारत | 67 | -1 |
| 4. | यूनाइटेड किंगडम (U.K.) | 53 | +4 |
| 5. | जर्मनी | 36 | 0 |

| शीर्ष 5 ग्लोबल यूनिकॉर्न 2024 : | | | |
|---|---|---|---|
| रैंक | यूनिकॉर्न | मूल्यांकन (अमेरिकी डॉलर बिलियन) | देश |
| 1. | बाइट डांस | 220 | चीन |
| 2. | SpaceX | 180 | U.S.A. |
| 3. | OpenAI | 100 | U.S.A. |
| 4. | एन्त ग्रुप | 80 | चीन |
| 5. | शिइन | 65 | चीन |

# प्रत्याशियों को हर चल संपत्ति की जानकारी देने की जरूरत नहीं- सुप्रीम कोर्ट

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चुनाव में नामांकन के दौरान कैंडिडेट को अपनी हर संपत्ति का खुलासा करने की जरूरत नहीं है, जब तक कि उसकी कीमत बहुत ज्यादा न हो
  - साथ ही कहा कि ये कैंडिडेट की निजता का हनन है| ये वोटर का जानने का अधिकार पूर्ण नहीं है|




- सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी अरुणाचल प्रदेश की तेजू विधानसभा सीट के निर्दलीय विधायक कारिखो क्रि के निर्वाचन से जुड़ा है |
- विधान सभा चुनाव में नामांकन के समय संपत्ति की घोषणा को लेकर कारिखो का निर्वाचन गुवाहाटी हाई कोर्ट ने 'रद्द' कर दिया था|लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया है|

## 2018 में क्या था सुप्रीम कोर्ट का फैसला:-

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि चुनाव के दौरान प्रत्याशी का यह वैधानिक दायित्व है कि वह अपने बारे में पूरी जानकारी वोटर को दे| सुप्रीम कोर्ट ने उम्मीदवार और उसके परिवारीजनों को आय के स्रोत की जानकारी देने का निर्देश देते हुए यह टिप्पणी की थी| सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 19 (1) के तहत वोटर का यह मौलिक अधिकार है कि वह इस बात की जानकारी ले कि वह किस कैंडिडेट को चुनाव में चुन रहा है |वोटर का यह अधिकार है कि वह कैंडिडेट के बारे में जानकारी ले|

## उम्मीदवारों द्वारा ब्यौरा देने हेतु कानूनी प्रावधानः

- लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (RPA), 1951 की धारा 33: इसमें नामांकन पत्रों की प्रस्तुति और वैध जानकारी देने से संबंधित प्रावधान किए गए हैं|

- RPA, 1951 की धारा 36: इसमें नामांकन की जांच का प्रावधान किया गया है| इसमें किसी उम्मीदवार द्वारा दिए गए विवरण में "पर्याप्त खामी" के आधार पर रिटर्निंग अधिकारी को उस उम्मीदवार का नामांकन खारिज करने का अधिकार दिया गया है|

# क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2024

- इंग्लैंड की क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 जारी की गई है|
- इस बार इस इंटरनेशनल रैंकिंग में रिकॉर्ड 1,559 संस्थान शामिल हैं| वहीं जिस भारत के 69 विश्वविद्यालय इसमें शामिल हैं|




- वर्ष क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में विषय के अनुसार भारत की रैंकिंग प्रविष्टियों और समग्र प्रदर्शन में क्रमशः 19 प्रतिशत और 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है|
- जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) इस रैंकिंग में भारत का सर्वोच्च रैंक वाला विश्वविद्यालय चुना गया है|
- विकास अध्ययन के लिए विश्व स्तर पर 20वें स्थान पर जेएनयू भारत का सर्वोच्च रैंक वाला विश्वविद्यालय बनकर उभरा है|
- रैंकिंग विश्वविद्यालयों की संख्या के मामले में भारत एशिया में 101 विश्वविद्यालयों के साथ चीन के बाद दूसरा सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश है|
- विषय 2024 के आधार पर क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग पांच श्रेणियों - इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, कला और मानविकी, जीवन विज्ञान और चिकित्सा, प्राकृतिक विज्ञान और सामाजिक विज्ञान और प्रबंधन के लिए जारी की गई थी|
- विषय 2024 के अनुसार क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में शीर्ष संस्थान: इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी में क्रमशः मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी), स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी और कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी बर्कले (यूसीबी) शामिल हैं |
- क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में कला और मानविकी श्रेणी में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी शीर्ष पर है | इसके बाद क्रमशः कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और यूसीबी का स्थान रहा |
- अमेरिका के सात विश्वविद्यालय और ब्रिटेन के तीन विश्वविद्यालय इस श्रेणी के शीर्ष 10 संस्थानों में शामिल हैं|
- लाइफ साइंसेज और मेडिसिन श्रेणी में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी शीर्ष पर रही | ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एमआईटी क्रमशः 2, 3, 4 और 5वें स्थान पर थे|

## भारतीय संस्थान रैंकिंग:-

- इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी
  - आईआईटी बॉम्बे (45 रैंक)
  - आईआईटी दिल्ली (45 रैंक)
  - आईआईटी मद्रास (77 रैंक)
  - आईआईटी खड़गपुर (85 रैंक)
  - आईआईटी कानपुर (93 रैंक)
  - आईआईएससी बैंगलोर (119 रैंक)
- व्यवसाय और प्रबंधन अध्ययन
  - आईआईएम अहमदाबाद (22 रैंक)
  - आईआईएम बैंगलोर (32 रैंक)
  - आईआईएम कलकत्ता (50 रैंक)
  - आईआईटी दिल्ली (91 रैंक)
  - आईआईटी बॉम्बे (105 रैंक)
- सामाजिक विज्ञान और प्रबंधन
  - आईआईटी दिल्ली (108 रैंक)
  - आईआईएम अहमदाबाद (131 रैंक)
  - आईआईटी बॉम्बे (136 रैंक)
  - दिल्ली विश्वविद्यालय (178 रैंक)
  - आईआईएम कलकत्ता (255 रैंक)
- जीवन विज्ञान और चिकित्सा
  - एम्स दिल्ली (249 रैंक)
  - मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन (317 रैंक)
  - दिल्ली विश्वविद्यालय (379 रैंक)
- कला और मानवता
  - दिल्ली विश्वविद्यालय (210 रैंक)
  - जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (244 रैंक)
  - आईआईटी बॉम्बे (261 रैंक)
  - आईआईटी कानपुर (401-450 रैंक)
  - आईआईटी मद्रास (401-450 रैंक)
- प्राकृतिक विज्ञान
  - भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर (137 रैंक)
  - आईआईटी बॉम्बे (147 रैंक)
  - आईआईटी दिल्ली (183 रैंक)
  - आईआईटी मद्रास (206 रैंक)
  - आईआईटी कानपुर (215 रैंक)



# डेली करंट अफेयर्स (MCQ)

1. सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी टीम का कोच किसे नियुक्त किया गया है?

(A) हरेंद्र सिंह (B) जेनेके शोपमैन

(C) दिलीप टिर्की (D) क्रेग फुल्टन

Ans;-हरेंद्र सिंह

2. प्रसिद्ध वैज्ञानिक पीटर हिग्स का निधन हुआ ये किस शोध कार्य से जुड़े थे ?

(A) DNA की खोज (B) इबोला वायरस की खोज

(C) गॉड पार्टिकल की खोज (D) कॉविड-19 की खोज

Ans;-गॉड पार्टिकल की खोज

3. जॉन एल 'जैक' स्विगर्ट जूनियर पुरस्कार 2024 से किसे सम्मानित किया गया है?

(A) JAXA (B) ISRO

(C) NASA (D) CNSA

Ans;-ISRO

4. WHO के अनुसार 2022 में हेपेटाइटिस संक्रमण से भारत में कितने लोगों की मृत्यु हुई है ?

(A) 1.23 लाख (B) 1.50 लाख

(C) 2.23 लाख (D) 2.50 लाख

Ans;-1.23 लाख

5. WHO की रिपोर्ट के अनुसार कौनसा देश हेपेटाइटिस के मामले में शीर्ष पर रहा है ?

(A) चीन (B) भारत

(C) पाकिस्तान (D) रूस

Ans;- चीन

6. 'शक्ति - संगीत और नृत्य का उत्सव' का आयोजन किसके द्वारा किया जा रहा है?

(A) नेशनल स्कूल ड्रामा (B) बिरला फाऊंडेशन

(C) साहित्य अकादमी (D) संगीत नाटक अकादमी

Ans;-संगीत नाटक अकादमी